## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–मुजफ्फरनगर में गठित ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' (DWSM) समिति की दिनांक 06.04.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्गत दिशा–निर्देशो के अनुरूप ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित **''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति''** की बैठक दिनांक 06..04.2022 को कलेक्ट्रेट सभागार, मुजफ्फरनगर में आयोजित की गयी है जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1– जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर – अध्यक्ष।

2– मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर – उपाध्यक्ष।

3– अपर जिलाधिकारी(प्रशासन), मुजफ्फरनगर – विशेष आमंत्रित सदस्य।

4– प्रभागीय निदेशक सामाजिकी वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर – सदस्य।

5– जिला पंचायत राज अधिकारी, मुजफ्फरनगर – विशेष आमंत्रित सदस्य।

6– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।

7– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।

8– अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर – सदस्य सचिव।

9– अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, सहारनपुर– सदस्य।

10– खण्ड विकास अधिकारी, जानसठ, सदर, मोरना, बघरा, जनपद–मुजफ्फरनगर – विशेष आमंत्रित सदस्य।

11– प्रतिनिधि, मै0 मेधाज टैक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।

12– टीम लीडर, टी0पी0आई0, सहारनपुर डिवीजन।

13– प्रतिनिधि मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट – एल0सी0ई0एस0पी0एल0(जे0वी0), मुम्बई।

14– प्रतिनिधि मै0 गायत्री प्रोजेक्ट–रेमकी(जे0वी0), हैदराबाद।

15– प्रतिनिधि मै0 एन0के0जी0–प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली।

16– प्रतिनिधि मै0 इन्दिरा गॉधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन, नई दिल्ली।

श्री प्रवीण कुट्टी, अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, मुजफ्फरनगर द्वारा निम्नानुसार अवगत कराया गया:–

### 1. द्वितीय फेज में स्वीकृत नई ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओ का विवरण:–

अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रॉक 2370/डब्लू–22/एनआईटी/2020–21 दिनॉक 23.01.2021 द्वारा द्वितीय फेज में नई ग्रामीण पेयजल योजनाओ के क्रियान्वयन हेतु फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई को चयनित किया गया हैं। जिला स्तर पर गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा सम्बन्धित फर्म को 221 ग्राम पंचायतो की सूची दिनॉक 09.03.2021 को सम्पन्न बैठक में उपलब्ध करा दी गयी थी। ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत

फर्म द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (SWSM) तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत किये गये निर्देशो के अनुपालन मे उपलब्ध कराई गई 221 नग ग्राम पंचायतो की सूची के सापेक्ष पूर्व में 114 नग ग्राम पंचायतो की डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) द्वारा संस्तुति उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को स्वीकृति हेतु प्रेषित की गई थी, जिनमें से 94 नग डी0पी0आर0 स्वीकृत हो गई है एवं 20 नग डी0पी0आर0 (SWSM) स्तर पर लम्बित है। उक्तानुसार स्वीकृत 94 नग डी0पी0आर0 में से 91 नग डी0पी0आर0 के त्रिपक्षीय अनुबन्ध बनाकर कवर अनुबन्ध गठन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दिये गये थे, जिनमें से राज्य पेयजल एव स्वच्छता मिशन द्वारा 10 + 81 = 91 नग योजनाओ के कवर अनुबन्ध (02 नग) गठित कर दिये गये है।

**2. द्वितीय फेज में स्वीकृत पूर्व निर्मित ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओ के पुनर्गठन कार्यो का विवरणः–**
अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रॉक 2209/डब्लू–22/एनआईटी/2020–21 दिनॉक 18.01.2021 द्वारा पूर्व निर्मित ग्रामीण पेयजल योजनाओ के पुनर्गठन कार्यो हेतु फर्म मै0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0 – रैमकी इन्फ्रास्ट्रक्चर जे0वी0, हैदराबाद को चयनित किया गया हैं। जनपद मुजफ्फरनगर में 14 नग पूर्व निर्मित ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओ की 23 नग ग्राम पंचायतो के पुनर्गठन कार्यो हेतु सूची उक्त फर्म को ''जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति'' की दिनॉक 09.03.2021 को सम्पन्न बैठक में उपलब्ध करा दी गयी थी। ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत फर्म द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (SWSM) तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत किये गये निर्देशो के अनुपालन मे उपलब्ध कराई गई 14 नग पूर्व निर्मित ग्रामीण पेयजल योजनाओ की सूची के सापेक्ष पूर्व में 08 नग पूर्व निर्मित ग्रामीण पेयजल योजनाओं की 10 नग ग्राम पंचायतो के पुनर्गठन की डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) द्वारा संस्तुति उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को स्वीकृति हेतु प्रेषित की गई थी, जिनकी स्वीकृति शासन स्तर पर लम्बित है।

3. तृतीय **फेज में प्रस्तावित नई ग्रामीण पाईप पेयजल योजनायेः–**

अवगत कराना है कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रॉक 3560/डब्लू–25(सहारनपुर)/2021–22 दिनॉक 07.01.2022 द्वारा तृतीय फेज में नई ग्रामीण पेयजल योजनाओ के कियान्वयन हेतु फर्म मै0 एन0के0जी0–प्राइमस(जे0वी0), 204, कैलाश बिल्डिंग, 26, के0जी0 मार्ग, नई दिल्ली को जनपद मुजफ्फरनगर में 305 ग्रामो हेतु सूचीबद्ध किया गया हैं एवं अनुबन्ध संख्या 10/ED/Phase-3/2021-22 दिनॉक 07.01.2022 भी गठित किया जा चुका है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्तमान तक जनपद मुजफ्फरनगर में नई ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओ के कार्यो हेतु 94 नग योजनाये स्वीकृत हो चुकी है, जिनमें से 24 नग योजनाओ पर ट्यूबवैल बोरिंग इत्यादि से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ करा दिये गये है। अवशेष स्वीकृत योजनाओ पर भी कार्य प्रारम्भ कराने की कार्यवाही प्रगति पर है।

उक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये गये कि जिन स्वीकृत योजनाओ पर भूमि विवाद है अथवा जिन योजनाओ की डी0पी0आर0 विरचन हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पाई है, पर भूमि प्राप्ति हेतु फर्मो के प्रतिनिधियो, टी0पी0आई एवं डी0पी0एम0यू0 की टीम गठित कर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन), प्रत्येक तहसील के उपजिलाधिकारी, सम्बन्धित लेखपाल एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

उपस्थित समस्त सम्बन्धित फर्मो को निर्देश दिये गये कि जनपद में कराये जा रहे समस्त निर्माण कार्य शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक एवं समय पर पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करे। टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि समस्त निर्माण कार्यो की गम्भीरता से जॉच करे एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य कराये।

मै0 इन्दिरा गॉधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन, नई दिल्ली के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मुजफ्फरनगर के प्रत्येक राजस्व ग्राम मे प्रथम चरण में एफ0टी0के0 किट के माध्यम से जल गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया जाना है, जिस हेतु प्रत्येक राजस्व ग्राम से 5–5 महिलाओ को प्रशिक्षित किया जाना है। द्वितीय चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत के 13 तकनीकी कर्मियो (फिटर, इलेक्ट्रीशियन, पम्प आपरेटर, मोटर मैकेनिक एवं राज मिस्त्री) को प्रशिक्षण दिया जाना है। निर्देश दिये गये कि मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करे एवं प्रशिक्षण में एस0एच0जी0 की महिलाओ की भागीदारी भी सुनिश्चित कराये।

अन्त मे उपस्थित समस्त सदस्यो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

पत्रांक 732 / 731 / 162 दिनांक: 08-04-22 जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मुजफ्फरनगर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2– अपर जिलाधिकारी(प्रशासन), मुजफ्फरनगर ।
3– प्रभागीय निदेशक सामाजिकी वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर ।
4– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/सदस्य सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
5– जिला पंचायत राज अधिकारी, मुजफ्फरनगर ।
6– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुजफ्फरनगर ।
7– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, मुजफ्फरनगर ।
8– अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, सहारनपुर।
9– खण्ड विकास अधिकारी, जानसठ, सदर, मोरना, बघरा, जनपद–मुजफ्फरनगर ।
10– प्रतिनिधि, मै0 मेधाज टैक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
11– टीम लीडर, टी0पी0आई0, सहारनपुर डिवीजन।
12– प्रतिनिधि मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट – एल0सी0ई0एस0पी0एल0(जे0वी0), मुम्बई।
13– प्रतिनिधि मै0 गायत्री प्रोजेक्ट–रेमकी(जे0वी0), हैदराबाद।
14– प्रतिनिधि मै0 एन0के0जी0–प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली।
15– प्रतिनिधि मै0 इन्दिरा गॉधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन, नई दिल्ली।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
मुजफ्फरनगर

JJM